## ब्रीफ न्यूज

### सीएम हेल्पलाइन मामलों में लापरवाही पर कई पटवारी निलंबित

**भिण्ड।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही और हल्कों में अनुपस्थित रहने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कई पटवारियों पर निलंबन की कार्रवाई की है। यह कदम प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत नुन्हाटा की पटवारी रेखा श्रीवास्तव और परसोना के पटवारी अजीत यादव को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के समय पर समाधान न करने और हल्के से गायब रहने के कारण निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा तहसील मिहोना में सीएम हेल्पलाइन मामलों में लापरवाही के आरोप में पटवारी कृष्ण कुमार हल्का मछण्ड, मुन्नालाल बाथम हल्का अचलपुर, नवलदत्त थापक हल्का रहावली उवारी को निलंबित किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतें नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ज्वैलर्स की दुकान की दीवार तोड़ी, पुलिस कर रही है जांच

**भिण्ड।** शहर के सदर बाजार स्थित अनिल ज्वैलर्स की दुकान पर तोड़फोड़ और सामान चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कुछ लोगों पर आरोप लगाया है। घटना रविवार सुबह की है। पीड़ित ने पुलिस थाने में लिखित शिकायती आवेदन दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पुस्तक बाजार में रहने वाले अनिल जैन की सदर बाजार में सोने चांदी की दुकान है। पीड़ित के अनुसार आरोपित एक काली स्कॉर्पियो गाड़ी में 8-10 लोगों के साथ आया और दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसा। इस दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया गया। आरोपी एवं उसके अन्य साथी घटना के बाद मौके से फरार हो गए। पीड़ित और एक अन्य व्यक्ति के बीच पहले से न्यायालय में विवाद चल रहा है। प्रकरण क्रमांक 176/2022 न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित ने बताया कि उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बहू ने बुजुर्ग सास के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**गोहद।** थाना क्षेत्र के ग्राम चक बगथरा में बहू ने अपनी बुजुर्ग सास के सिर में डंडा मार दिया। जिससे वह घायल हो गई। वृद्धा ने मामले में पुलिस से शिकायत की है। चक बगथरा निवासी बुजुर्ग महिला रामकुअर पत्नी स्व जयश्रीराम जाटव उम्र 75 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरे तीन बेटे हैं। जिसमें एक बेटे भीमसेन की शादी नहीं हुई है। वह मेरे साथ रहता है। बाकी दोनों बेटों हरिप्रसादऔर राजेंद्र की शादी हो गई है। दोनों अलग रहते हैं। रविवार दोपहर 12 बजे के लगभग घर में बर्तन खोज रही थी, तभी छोटी बहू भारती ने गालियां देते हुए डंडे से पीठ पर हमला कर दिया।

# मेला महोत्सव : कश्मीरी गर्म कपड़ों ने सैलानियों को रिझाया

### साड़ियों की दुकान पर महिलाओं की भीड़, मेला का लुफ्त उठा रहे सैलानी

सत्ता सुधार ■ भिण्ड





भिण्ड मेला महोत्सव को लेकर शहरवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। इस मेला में बाजार मूल्य से कम दाम में ब्रांडेड गर्म कपड़ों की बड़ी रेंज आई है। मेला में पहली बार है जब कश्मीरी गर्म वस्त्रों का व्यापार करने वाले व्यापारी आए हैं। कश्मीरी कपड़ों से सजी दुकानें आकर्षण का केंद्र हैं। मेला व्यापारियों का दावा है कि बाजार में बिकने वाले गर्म वस्त्रों से बेहतर क्वालिटी के कपड़े बहुत ही कम कीमत पर भिण्ड मेला महोत्सव में उपलब्ध हैं। इतना ही नहीं दावा है कि बाजार मूल्य से 30 से 40 फीसदी कम दाम पर बिक्री हो रही है। इस ऑफर का सैलानी लुफ्त भी उठा रहे हैं। मेला में इन दिनों महिलाओं व बच्चों की भीड़ उमड़ रही है। मेले में घरेलू सामान, बच्चो के कपड़े वस्त्र, स्वेटर, जैकिट, पेंट, टी-शर्ट, सर्ट आदि कपड़े की दुकानें सजी हैं।

**महिलाओं को रिझा रहीं साड़ियों की दुकान–** मेला महोत्सव में साड़ी की दुकानें महिलाओं को रिझा रहीं हैं। यहां बनारसी साड़ी की बड़ी रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा डिजायनर कॉटन, सिल्क साड़ियां खरीदने की महिलाओं में होड़ है। महिलाओं के लिए कुर्ती, सूट, शॉल भी उपलब्ध हैं।

**सड्रायफूड व कश्मीर के फल भी उपलब्ध–** मेला में कश्मीरी ड्रायफूड की भरमार है। यह ड्रायफूड उच्च क्वालिटी के होने के साथ ही कम कीमत पर खरीदे जा सकते हैं। यहां काजू, पिस्ता, बादाम, अंजीर, छुआरे, गोंद, गरी, चिरौंजी, मुनक्का, अश्वगन्धा उपलब्ध हैं। इन ड्रायफूड की बाजार की कीमत से बेहद कम है। कश्मीर से आने वाले व्यापारी सैलानियों को ड्रायफूड की खरीद पर ऑफर दे रहे हैं।

**बच्चो के मनोरंजन के लिए लगाए गए आकर्षक झूले–** बच्चों के मनोरंजन के लिए मेला में झूला सेक्टर भी लगाया गया है। झूले पर मात्र 20 रुपये टिकट रखा गया है। वयस्क झूलों पर मात्र 50 रुपये टिकट है। मेले में कुछ झूले तो पहली बार आए हैं।

**50 रुपए से 150 रुपए का लगा स्टोल–** कपड़ो की स्टॉल 50 रुपये से लेकर 100 रुपये 150 रुपये तक उपलब्ध है। भिण्ड मेला महोत्सव में निशुल्क पार्किंग, निःशुल्क प्रवेश के साथ ही खरीददारी पर विशेष छूट व खाने पीने के आयटम की भी भरमार है।

# संत अपने लिए नहीं, राष्ट्र के लिए काम करते हैं : अनिरुद्धाचार्य

### दंदरौआ धाम में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन शुरू





सत्ता सुधार ■ भिण्ड

जिले के दंदरौआ धाम में गुरु महाराज श्रीश्री 1008 पुरुषोत्तमदास महाराज महंत बाबा की पुण्य स्मृति में 28वां वार्षिक महोत्सव रविवार को आरंभ हो गया। इस अवसर पर धाम में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर मंहत रामदास महाराज एवं कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज रथ पर सवार होकर चल रहे थे। श्रीमद् भागवत कथा वाचक पं. अनिरुद्धाचार्य महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का वाचन सोमवार से सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिवस दंदरौआ धाम में सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से कलश यात्रा प्रारंभ की गई। श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर मंहत रामदास महाराज के सानिध्य में कथा पारीक्षित माता ब्रजेश उपाध्याय संत समाज एवं महिलाओं के साथ श्रीमद् भागवत कथा की पोथी को सिर पर धारण करके चले। बैंड बाजों की धुन पर भगवान श्रीराम और हनुमानजी के भजनों पर थिरकते भक्तों ने संतों के साथ दंदरौआ धाम में धूमधाम से 151 कलशों के साथ करीब पांच किलोमीटर लम्बी यात्रा निकाली गई।

तत्पश्चात कथा वाचक पं. अनिरुद्धाचार्य जी महाराज संत का महत्व समझाते हुए कि संत अपने लिए नहीं जीते, संत तो पूरे विश्व को ही अपना परिवार मानते हैं। संत अपने राष्ट्र के लिए काम करते हैं। हमारे दंदरौआ धाम वाले महाराज जी बहुत सरल एवं सहज संत हैं। मनुष्य का मन भगवान में नहीं लगता है तो उस मनुष्य का मन माया में लग जाएगा, तो मनुष्य को भगवान की प्राप्ति नहीं होगी। भगवान ही हमारा धन है, भगवान को अपना धन मानना ही हमारे लिए कल्याणकारी होगा। कलश यात्रा में यज्ञाचार्य पं. रामस्वरूप शास्त्री, मंहत कालीदास महाराज तेजपुरा, विधायक प्रीतम लोधी, रामबरन पुजारी, राजेंद्र शास्त्री, जलज त्रिपाठी, पवन शास्त्री, प्रमोद चौधरी, नरसी दद्दा के साथ अनेक महिलाएं एवं आमजन शामिल रहे।

# कविता को नगर से गांव तक ले जाना ही उजास का उद्देश्य : डॉ. निराला

### ग्राम भारौली में उजास कवि सम्मेलन आयोजित

सत्ता सुधार ■ भिण्ड

कविता को नगर से लेकर गांव तक ले जाना और नवागत पीढ़ी को इससे जोड़ना ही उजास का मुख्य उद्देश्य है। कविता जनमानस को प्रेरित करने वाली एक सशक्त विधा है। जब से सृष्टि का संचार हुआ है तब से ही मनुष्य अपने भावों को व्यक्त करने का माध्यम ढूंढता रहा है, निर्मित करता रहा है, इन्हीं माध्यमों में से एक महत्वपूर्ण माध्यम है कविता। साहित्यिक संस्था उजास कविता का वातावरण निर्मित करने को आंदोलन मानती है और मुझे भी गांव व शहर में कमी नहीं है, बस आवश्यकता है उनसे संपर्क स्थापित करके उनकी अंतर चेतना को बाहरी दुनिया से परिचित कराना और इसमें तमाम युवा जैसे सतेन्द्र सिंह राजावत, जितेन्द्र त्रिपाठी अमित, आकाश शर्मा, विपिन तोमर साहिल, कृष्णा शर्मा चिराग और अन्य साथी भी बढ़-चढ़कर कर अपना योगदान दे रहे हैं। तत्पश्चात श्रृंगार के उभरते युवा हस्ताक्षर आकाश शर्मा ग्वालियर ने कहा कि ताल की मछलियां आ गई धूप में। बेटियां हैं बंधी एक प्रारूप में।। दोहाविधा में लेखनी चलाने वाले जितेन्द्र त्रिपाठी अमित ने कहा कि 'संसद में हुड़दंग है उगल रहे हैं



खुशी है कि हमारे अनेक साथी इस आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। यह बात ग्राम भारौली जिला भिण्ड में आयोजित उजास कवि सम्मेलन में कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. सुनील त्रिपाठी निराला ने कही। कवि सम्मेलन का आयोजन बिट्टी देवी-दयाल सिंह राजावत द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह के दौरान किया गया। जिसका संचालन डॉ. निराला तथा संयोजन सत्येंद्र सिंह राजावत बबेड़ी ने किया। कविसम्मेलन का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ. निराला ने कहा कि साहित्यिक प्रतिभाओं की किसी आग। नेताओं के सामने बौने लगते नाग।।' वीर रस के उभरते कवि विपिन तोमर साहिल ने कहा कि 'ना कुर्सी का जयघोष और ना किसी के मन को भाता हूं। मैं चंबल का बागी बेटा गीत क्रांति के गाता हूं।' गजलकार कृष्णा शर्मा चिराग अकोड़ा की अदायगी उम्दा रही। कवि सतेन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि 'मिली थी जिंदगी किसी के काम आने के लिए। पर गुजर गई कागज़ के टुकड़े कमाने के लिए।' अंत में परीक्षित राजावत परिवार के अनिल राजावत ने सभी कवियों का माल्यार्पण करते हुए सम्मान किया।

# ओवरलोड वाहनों से हादसे का भय, सुबह की सैर प्रभावित

### स्थानीय लोगों ने की सुबह के समय डंपरों पर रोक लगाने की मांग

सत्ता सुधार ■ गोहद





गोहद चौराहा मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों से सुबह की सैर प्रभावित होने लगी है। लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों से हादसे की आशंका ने बनी रहती है, इसलिए बड़ी संख्या में सुबह की सैर पर जाने वाले लोगों ने टहलना बंद कर दिया है। इन ओवरलोड वाहनों से आमजन को जान का खतरा सता रहा है। इसलिए सुबह के समय डंपरों के संचालन पर रोक लगाए जाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

#### सड़क हादसों का सता रहा भय

बैखौफ होकर तेज गति से दौड़ रहे डंपरों से सुबह घुमने वाले लोगों में दुर्घटना का भय भर दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रशासन व पुलिस ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने में नाकाम है। स्थति यह है कि खनिज से भरे ओवरलोड वाहन साक्षात मौत बनाकर फर्राटे भर रहे हैं। डर है कि कभी भी सड़क हादसा हो सकता है। इसलिए लोगों ने प्रशासन से गोहद चौराहा से मौ मार्ग पर निकलने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर सुबह 2 घंटे तक रोक लगाने की मांग की है। बेसली नदी के नए पुल से हर रोज लगातार 4 से 5 सैकड़ा ओवरलोडिंग वाहन गुज़र रहे हैं। जिसके चलते इस नए पुल में दरारें भी आ चुकी है। स्थिति यह है कि बैसली नदी पर बना पुराना पुल पहले से ही क्षतिग्रस्त होने से बंद चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ नए पुल पर लगातार ऐसे ही ओवरलोडिंग हो रही है।

> **इनका कहना है-**
>
> ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। सुबह का समय निर्धारित करने के लिए कार्यवाही होगी।
>
> **-पराग जैन, एसडीएम गोहद**

#### धूल मिट्टी की समस्या को लेकर लिखा गया है पत्र

नगरपालिका प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार बरती जा रही लापरवाही को लेकर जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार युवा कांग्रेस द्वारा गोहद एसडीएम पराग जैन को पत्र के माध्यम से धूल मिट्टी की समस्या के सम्बंध में अवगत कराया जा चुका है। फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। जिसके चलते वर्तमान में सड़क किनारे धूल मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। जोकि सुबह सैर करने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं।

### पुलिस के नाम पर लोडिंग वाहनों से अवैध वसूली, वीडियो वायरल

**भिण्ड।** जिले के रौन बायपास पर लोडिंग वाहनों से अवैध वसूली का वीडियो सामने आया है। जिसमें आरोपी युवक स्वयं को पुलिस का कटर बताते हुए वाहन चालकों से रुपए वसूल रहा है। पुलिस ने एक आरोपी की पहचान कर उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार अवैध वसूली का ये वीडियो 14 नवंबर का है, जो देर रात सामने आया। इस वीडियो में दो युवक दिखाई दे रहे हैं, जो खुद को पुलिस का प्राइवेट कटर बता रहे हैं। इसमें युवक लोगों से अवैध वसूली करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान युवकों ने एक पिकअप वाहन चालक से 100 रुपए की मांग की गई।

# राजश्री गुटखा के विक्रेता किराना व्यवसायी का प्रतिष्ठान किया सील

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मेहगांव स्थित गुरुकृपा डेयरी से दूध का लिया नमूना




**भिण्ड।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं अभिहित अधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती रीना बंसल द्वारा आज ग्राम मौ, सेंवड़ा रोड़ स्थित विकास जैन किराना स्टोर से निरीक्षण के दौरान स्वीटी सुपारी, सेवन स्टार सुपारी, ब्लैक मावा, चूना युक्त तम्बाकू, गुटखा के नमूने जांच हेतु लिए गए। विकास जैन बिना खाद्य लायसेंस के अपना कारोबार संचालित करते पाए जाने पर विकास जैन की दुकान को सील कर दिया गया। साथ ही विकास किराना के सामने स्थित गुर्जर मार्केट मौ में राजश्री गुटखा का गोदाम भी संचालित था, मौके पर उक्त गोदाम एवं माल का मालिक उपस्थित नहीं हुआ। मौके पर पूछताछ करने पर उक्त गोदाम एवं राजश्री गुटखा का मालिक ग्वालियर के किसी गुप्ता का बताया गया है। काफी समय इंतजार करने पर गोदाम में रखे माल का मालिक उपस्थित नहीं होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा राजश्री गुटखा के गोदाम को सील बंद कर दिया गया। साथ ही मेहगांव स्थित गुरुकृपा डेयरी पर उपस्थित व्यक्ति राघवेन्द्र जादौन उर्फ रघु की डेयरी का निरीक्षण कर दूध के नमूने लिए गए।

**हादसा** थाना मालनपुर अपनी चाची पिंकी जाटव को अपनी बाइक क्रमांक एमपी 30 एम यू 6840 से ग्वालियर ले जा रहा था

# मौत का हाईवे बना 719, दो अलग-अलग हादसों में एक की मौत, चार लोग घायल हुए

सत्ता सुधार ■ मालनपुर





नेशनल हाईवे 719 अब मौत के हाईवे के नाम से जाना जाने लगा है। मालनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ही दिन में हुए दो अलग-अलग हादसों में एक युवक की मौत हो गई, वहीं तीन महिला व एक युवक सहित 4 घायल हो गए। घायलों को ग्वालियर के लिए रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार हरीराम की कुइया एवन ट्यूब फैक्ट्री के पास रविवार को सुबह दस बजे के आसपास रवि जाटव पुत्र महावीर जाटव उम्र 21 वर्ष निवासी इंदिरा आवास कॉलोनी चक तुकेंड़ा थाना मालनपुर अपनी चाची पिंकी जाटव को अपनी बाइक क्रमांक एमपी 30 एम यू 6840 से ग्वालियर ले जा रहा था। वह हरीराम की कुईया एवन ट्यूब फैक्ट्री के पास पहुंचा ही था कि सामने ग्वालियर की तरफ से आ रही यात्री बस क्रमांक एमपी 30 पी 0529 से भिड़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई और बाइक पर बैठी उसकी चाची भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पुलिस ने अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

**दूसरे सड़क हादसे में भी लोग घायल–** एक अन्य सड़क हादसे में पल्सर बाइक पर सवार होकर रघुराज सिंह पुत्र भजन लाल जाटव उम्र 25 वर्ष निवासी बीलोनी थाना एंडोरी अपनी दो रिश्तेदार महिलाओं को लेकर ग्वालियर जा रहा था। तभी वह हनुमान चौराहे से निकल ही था कि सामने से आ रहे आरो पानी की बोतलों से भरे लोडिंग वाहन में सामने से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर बैठी दो महिला और उछल कर दूर जा गिरी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक चालक भी घायल हुआ है। जिन्हें स्थानीय लोगों के सहयोग से बरेठा टोल प्लाजा की एंबुलेंस से ग्वालियर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

**सिक्स लेन बनाए जाने की उठ रही मांग–** रिटायर्ड फौजी और समाजसेवियों द्वारा इस हाइवे को सिक्स लेन बनाए जाने को लेकर मांग उठाई जा रही है। बावजूद भी अभी तक शासन द्वारा हाईवे के चौड़ीकरण का काम चालू नहीं कराया गया है। जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। अब तो लोग कहने लगे हैं कि यह हाईवे मौत का हाईवे बन चुका है।

